# सामाजिक समाचार

### भामाशाह श्री रामपाल जी सोडावास (बैंगलोर) ने अब तक के भामाशाह रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कर एक अनूठी पहल की और घोषणा की 5 करोड़ रुपए व जमीन की "मेडिकल कॉलेज" के लिए

20 अगस्त, 2018 जांगिड/सुथार समाज के लिए एक गौरवशाली दिवस के रूप में स्मर्ण रहेगा क्योंकि एक समाज सेवी, भामाशाह एवं उद्योगपति श्री रामपाल जी, फूलचन्द जी सोडावास (बैंगलोर) ने एक नया इतिहास रच दिया।

ये शुभ अवसर था उनके सुपौत्र चि. युवराज सुपुत्र श्रीमती पूनम देवी एवं श्री अमित जांगिड के कुआँ पूजन समारोह का जो रामपाल जी फूलचन्द जी के पैतृक ग्राम सोडावास, तहसील मुण्डावर (अलवर) राज. में आयोजित भव्य स्वागत समारोह में राष्ट्रीय प्रधान महासभा श्री रविशंकर जांगिड ने यह शुभ संदेश खचा-खच भरे पाण्डाल में दिया कि रामपाल जी ने 5 करोड़ रुपए व भूमि "मेडिकल कॉलेज" के लिए देने की घोषणा की। पूरा पाण्डाल व मंच से कर्तल ध्वनि दूर-दूर तक सुनाई पड़ रही थी। इस उद्घोषणा के बाद सम्पूर्ण अलवर जिला से सभी तहसीलों से पधारे पदाधिकारियों एवं गाँववासियों ने श्री रामपाल जी एवं फूलचन्द का माल्यार्पण कर सम्मानित किया। एक हर्ष एवं उमंग का माहोल देखते ही बनता था, होड लगी हुई थी भामाशाओं के स्वागत करने की। इस अवसर पर श्री रामपाल जी ने अतिथियों एवं सभी पधारे हुए समाज बंधुओं, ग्रामवासियों का हार्दिक आभार प्रकट किया और उन्होंने विनम्र शब्दों में कहा कि मैंने कुछ नहीं किया, ये संस्कार जो मेरे माता-पिता ने दिए हैं, उन्हीं का आशीर्वाद है तथा ग्रामवासियों का व इस मातृभूमि की ही प्रेरणा से यह हो पाया।

आपको याद होगा कुछ महिने पहले भी रामपाल जी फूलचन्द जी ने सोडावास में ही नि:शुल्क भव्य सामूहिक सम्मेलन आयोजित किया था, उसमें लगभग 40-45 लाख रुपए से आपने यह सम्पन्न करवाया था। इसमें पहले भी आपने दिलखोलकर लाखों रुपए का सहयोग समाज में किया। अभी हाल ही में आपने महासभा दिल्ली को 11 लाख रुपए प्रदान किए।

समारोह में अतिथियों में श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान महासभा, श्री विद्या सागर जी वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री बी.सी. शर्मा वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री मदनलाल जांगिड जिलाध्यक्ष अलवर, श्री शिवनारायण थानेदार पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री रामरतन जांगिड (रामपुरा डाबड़ी) उपप्रधान महासभा, श्री गजानन्द जांगिड एक्स.ई.एन. (पी.एच.ई.डी.), श्री राहुल शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ), श्री कैलाश चन्द जांगिड अध्यक्ष विश्वकर्मा एज्यूकेशन ट्रस्ट दिल्ली, श्री गंगादीन जांगिड विश्वकर्मा मन्दिर पहाड़गंज दिल्ली, श्री रामोतार (बायल वाले) कोटपूतली, श्री लक्ष्मीनारायण गुड़गांव, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री विनोद जी विश्वकर्मा, श्री आशीष सेरवाल, श्री राजकुमार सरपंच बेरोज, श्री ताराचन्द जी बैंगलोर, श्री नरेश जी बैंगलोर, श्री मोहनलाल जी बैंगलोर, सन्त लाल जी बैंगलोर, श्री आनन्द जी उपप्रधान महासभा पावटा, विष्णु जी, श्रवण जी अंगारी धाम, श्री कैलाश जांगिड संगठन मंत्री महासभा, श्री राधेश्याम जी उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री श्याम सुन्दर संगठन मंत्री प्रदेश सभा राज. सभी पावटा से, श्री किशोर जी पूर्व जिलाध्यक्ष अलवर, श्री खेमचन्द जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष अलवर, श्री बनवारी लाल जी खेड़ली, श्री बृजमोहन जी लक्ष्मणगढ़, प्रकाश जी, लीलाराम जी बहरोड़, गिरीराज जी, रमेश जी किशनगढ़, श्री सतीश जांगिड जिलाध्यक्ष मेवात (हरियाणा), नित्यानन्द जी, श्री रामजीलाल जी पनियाला, श्री सोहनलाल जी धोलीदूब तथा बानसूर, बैंगलोर, दिल्ली, समस्त तहसील सभाएं, अलवर से तथा सोडावास ग्राम निवासियों सहित हजारों की संख्या में समारोह में उपस्थिति रही। राष्टीय प्रधान व प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री मदनलाल जी जिलाध्यक्ष अलवर, श्री बी.सी. शर्मा जी जयपुर, श्री गजानन्द जांगिड जयपुर, श्री गंगादीन जी एवं सभी अतिथियों का माल्यार्पण, मोतियों की माला तथा साफा पहनाकर, श्री फूलचन्द जी, श्री रामपाल जी एवं अलवर जिले के पदाधिकारियों में राकेश शर्मा, रतन लाल जी, नेकीराम जी द्वारा सम्मान किया गया।

मंच संचालन श्री महादेव प्रसाद जांगिड एडवोकेट अलवर द्वारा कुशलता पूर्वक किया गया। भोजन व्यवस्था सुन्दर एवं सुव्यवस्थित थी। गर्मी तेज होने से कूलर-पंखों की व्यवस्था भी बहुत अच्छी की गई। पाण्डाल को भी इस मौसम को देखकर इसे भव्य रूप दिया गया।

अन्त में सभी का श्री रामपालजी ने आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया।

### श्री जोरा राम सुथार गोवा प्रदेश से निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष निर्वाचित

19 अगस्त, 2018 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा गोवा की मीटिंग का आयोजन प्रदेशाध्यक्ष श्री सुनील आर जांगिड की अध्यक्षता में विश्वकर्मा मन्दिर में किया गया।

मीटिंग में सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि श्री जोराराम जी सुथार को प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध बनाया जाए और सभी की सहमति से निर्णय पारित हो गया और उनको प्रदेश अध्यक्ष गोवा घोषित कर दिया गया। सभी समाज बन्धुओं ने श्री जोराराम जी को माल्यार्पण कर बधाई दी। पूर्व महासभा प्रधान भंवर लाल जी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कहा कि नि:स्वार्थ भाव से सेवा करें। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष श्री सुनील जांगिड ने सम्बोधित किया।

श्री सांवरमल जी जांगिड ने सभी समाज बन्धुओं से आग्रह किया कि महासभा के अधिक से अधिक सदस्य बनाकर समाज को संगठित बनाया जावे।

नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष श्री जोराराम जी सुथार द्वारा सभी बन्धुओं का आभार प्रकट किया तथा ईमानदारी से सेवा करने का समाज को भरोसा दिलाया।

### अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा अजमेर की नवगठित कार्यकारिणी का भव्य शपथ-ग्रहण समारोह सम्पन्न

12 अगस्त, 2018 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा अजमेर की नवगठित कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन आदिनाथ वाटिका राजपुरा रोड़, केकड़ी जिला अजमेर में किया गया।

समारोह श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान के मुख्य आतिथ्य में हुआ। समारोह की अध्यक्षता की श्री भोलाराम हर्षवाल संरक्षक प्रदेश सभा एवं पूर्व उपप्रधान महासभा दिल्ली द्वारा। विशिष्ट अतिथियों में श्री श्रीगोपाल चोयल अध्यक्ष शिक्षा कल्याण कोष महासभा, श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज., श्रीमती सुशीला भगवती पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल' पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान, श्री मोहनलाल पाटोदिया पूर्व जिलाध्यक्ष अजमेर एवं पूर्व उच्च स्तरीय कमेटी सदस्य, श्री देवकीनन्दन नांगल सदस्य उच्च स्तरीय कमेटी महासभा, श्री बसंत कुमार गेपाल उपप्रधान महासभा, श्री रमेश सीड़ड़ सदस्य उच्च स्तरीय कमेटी महासभा एवं प्रवक्ता महासभा, श्री सत्यनारायण दायमा पूर्व जिलाध्यक्ष अजमेर, श्री प्रहलाद राय जांगिड राजनैतिक पर्सन (भाजपा) विजय नगर, श्री बंशीलाल जांगिड नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अजमेर स्वागताध्यक्ष आदि मंचासीन हुए।

सर्व प्रथम आराध्य देव भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना अतिथियों द्वारा की गई। सामूहिक आरती हुई। तत्पश्चात् बालिकाओं द्वारा आतिथ्य गान द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। राजस्थानी परम्परानुसार सभी अतिथियों का माल्यार्पण, दुपट्टा एंव साफा बंधवाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर श्री बंशीलाल जी जिलाध्यक्ष, श्री रामेश्वर जी जांगिड कार्यकारी अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री गोविन्द नारायण जी नेपालपुरिया, जिला मंत्री श्री मिठ्ठन लाल जांगिड, कोषाध्यक्ष श्री रामनिवास जांगिड एवं पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया।

श्री बंशीलाल जी द्वारा अतिथियों का व समाज बन्धुओं का जो अपना अमूल्य समय में से समय निकालकर यहाँ उपस्थित हुए, उनका मैं तहेदिल से सम्मान करता हूँ कहा। आपने भावी तीन वर्ष की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।

सभी महासभा के पदाधिकारीगण, प्रदेश सभा के पदाधिकारीगण एवं जिले की शाखा सभाओं के अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारिणी, महिला शाखा सभा, युवा शाखाएं सभी का अभिनन्दन जिलाध्यक्ष श्री बंशीलाल जी द्वारा माल्यार्पण, दुपट्टा एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर किया गया।

मुख्य अतिथि, अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष एवं अतिथियों द्वारा नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। मंच संचालन श्री जगदीश जी राजोरा द्वारा किया गया। पाण्डाल खचा-खच भरा हुआ था, जिनमें महिलाओं की संख्या लगभग 40% रही, अति सुन्दर व्यवस्था रही, सारे कार्यक्रम सुचारू रूप से सायंकाल तक चलता रहा। सबसे बड़ी बात रही कि उपस्थिति की जो कार्यक्रम के प्रारंभ से मुख्य अतिथि, अध्यक्षीय भाषण तक ज्यों कि त्यों बनी रही, ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है। अजमेर जिले की एकता भी देखने को मिली, जिसमें सभी प्रबुद्ध समाज बन्धु, सभी सभाएं अजमेर ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

इस अवसर पर उद्बोधन की कड़ी में सर्व प्रथम **सत्यनारायण दायमा** पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि अभी हम संगठन में पीछे हैं, चुनाव सामने आ रहे हैं हमें राजनीति में प्रवेश करना है तो अच्छा कार्य संगठित होकर करना है। सामूहिक सम्मेलन बहुत हो रहे हैं, मैं प्रदेशाध्यक्ष जी को धन्यवाद दूंगा, जिन्होंने एक समता लाने के लिए गाईड लाईन्स तैयार की हैं। भीलवाड़ा में बालिका छात्रावास का बहुत अच्छा निर्माण किया है।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा द्वारा नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष अजमेर श्री बंशीलाल जी को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया।

**श्री बसंत गैपाल** ने कहा कि जिला सभा के चुनाव एक समाज की एकता को दर्शाता है। अजमेर जिले में शाखा सभाएं अजमेर व सभी जगह पर बनी हुई हैं। युवा सभाओं को विस्तृत रूप देना है। वहीं महिलाओं की भूमिका को और अहम बनाना है।

**श्री रमेश सीड़ड़** प्रवक्ता महासभा द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि यह आयोजन सफलतम आयोजनों में एक है। यह पहली बार देखा गया है कि जिलाध्यक्ष द्वारा अपनी तीन वर्ष की योजनाओं का ब्रोशर में पूर्णतया रोड़ मेप बनाकर वितरण किया गया। उन्होंने प्रशंसा जताई कि लगभग 40 प्रतिशत महिलाओं की उपस्थिति समारोह में देखने को मिली।

**श्री श्रीगोपाल चोयल** ने अपने उद्बोधन में कहा कि बंशीलाल जी नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष की कार्यशैली से ही शाखा सभा अध्यक्ष से आज जिला सभा के अध्यक्ष पर पहुँचे हैं, इनको बधाई। अब आपको अधिक से अधिक महासभा के सदस्य बनाने हैं तथा महासभा का प्रचार-प्रसार करना है। हम आपस में जब भी मिले ''जय विश्वकर्मा'' का सम्बोधन करना है।

**श्री बी.सी. शर्मा जी** ने बताया अब साफा बन्धवाने की परिपाटी को खत्म करना है और मैंने यहाँ मंच पर इसका उदाहरण भी देखा। केवल मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता करने वालों को ही साफा बंधवाया। हमें अपने से ऊपर वालों को जैसे जिला के प्रदेश सभा व महासभा के पदाधिकारियों का ही सम्मान करना है। महिलाओं को अधिक से अधिक महासभा से जोड़ें तथा 50 प्रतिशत की भागीदारी कार्यकारिणी में दें। महासभा को आज 8-9 महिने हो गए। साधारण सदस्यों की सदस्यता में से जिला, प्रदेश व शाखा सभाओं को राशि मिलनी चाहिए ताकि वे सुचारू रूप से अपना कार्य चला सकें।

**डॉ. अशोक जांगिड** द्वारा अपने विचार रखे, जिसमें भूमि आवंटन में कहीं भी कोई समस्या है तो मुझे बताए, हम उसे आवंटित करवाएंगे। हमें महासभा के लिए कार्य करना है, हमारी पहचान महासभा से ही है। हमें संगठित होना है।

**श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल' जी** ने मंच के माध्यम से बताया कि हमें संगठन अतिमहत्वपूर्ण है, समाज के लिए मसुदा से विगत वर्षों में जब प्रहलाद जी ने चुनाव लड़ा था तब मात्र 1500-1600 वोटों से हार गए थे, लेकिन पुन: उनको टिकिट नहीं देकर विष्णु मोदी को टिकिट दिया, क्योंकि हम संगठित नहीं हैं। उन्होंने अजमेर जिले के समाज बन्धुओं को श्री बंशीलाल जांगिड जैसे व्यक्ति को चुनने पर बधाई दी तथा केकड़ी की भी तारीफ की इस भूमि में 8-10 बड़े-बड़े कवि, प्रोफेसर निकले हैं। इसलिए यह भूमि शिक्षा व ज्ञान के लिए जानी जाती है। अब केकड़ी से भी कोई आई.ए.एस. बनना चाहिए। 2014 के बाद कोई प्रोपर आई.ए.एस. समाज का नहीं बना है। आसानी से हमारा कोई एम.एल.ए. नहीं बनेगा।

हम शीघ्र परिणाम चाहते हैं, हमें समय देना है, हमें सफलता के लिए मेहनत करनी है।

**श्री लखन शर्मा जी** द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि महासभा में अजमेर का बहुत योगदान रहा है। यहाँ से श्री छुन्दाराम जी, श्री छोटेलाल जी, श्री भैरू बक्श जी चोयल हमारे प्रधान बने। इन प्रधानों का महासभा व समाज को बहुत सहयोग मिला। हमारी सोच बदलनी होगी, हमें क्या करना है सकारात्मक रूप से सोचें। हमारा समाज आगे कैसे बढ़े। हमें अपने आराध्य देव भगवान विश्वकर्मा जी के नाम को ऊँचा उठाना है। हम कुछ नहीं जानते, हमें उनका प्रचार-प्रसार करना चाहिए। हमें मन्दिर जाना चाहिए, उनके नाम की प्रसादी, भण्डारा आदि करना चाहिए। अधिक से अधिक महासभा के सदस्य बनाने हैं। जब जाकर कोई प्रोग्रेस होगी। महासभा प्रधान जी ने भी एक "एप" तैयार किया, जिससे ऑन लाइन हम तुरंत प्रभाव से सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। हमें समय के साथ चलना है स्वयं के सम्मान की नहीं महाभा के सम्मान की बात करनी है। हमें बच्चों के भविष्य की भी चिंता है, उनकी पढ़ाई व शिक्षा के बिना हमारा समाज आगे नहीं बढ़ सकता। हमारे बच्चों को कैसी शिक्षा दिलवाएं उसके लिए आपको आई.ए.एस., आर.ए.एस., डॉक्टर आदि से परामर्श करना चाहिए, ताकि बच्चे की योग्यता का पता चल सके। हम भामाशाह की ओर देखते हैं, दरअसल सबसे बड़ा भामाशाह तो सरकार है। विभिन्न योजनाओं तक हमें पहुँचकर उनका लाभ अर्जित करना है। राजनीति में हमें अपने वोट की कीमत पहले जाननी है। वोट उनको क्यों? वे हमको पार्षद, एम.एल.ए. या कोई पद देने की बात कर रहे हैं। मंच पर सम्मान कम होना चाहिए, अजमेर को आदर्श जिला बनाना है। विश्वकर्मा कथा का आयोजन 2 से 8 अक्टूबर तक जयपुर में विद्याधर नगर स्टेडियम में होने जा रहा है, उसमें सभी परिवार सहित पहुँचें।

**श्री भोलाराम हर्षवाल** द्वारा अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि हमें शिक्षा पर जोर देना है। माताओं को अधिक जागरूक होने की जरूरत है, अपने बच्चों के लिए। उनमें अच्छे संस्कार डालें उन्होंने रामेश्वर जी केकड़ी की पोती डॉ. अल्का जी का उदाहरण दिया तथा कहा कि हमें अपने बच्चों पर ध्यान देना चाहिए। श्री अनिल जी नगर पालिका चेयरमैन द्वारा जिलाध्यक्ष का सम्मान किया गया।

सभी शाखा सभाओं द्वारा नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष श्री बंशीलाल जी का माल्यार्पण कर साफा बन्धवाकर सम्मानित किया गया। वहीं महासभा की ओर से भी श्री बंशीलाल जी का सम्मान किया गया।

**श्री प्रहलाद जी** विजय नगर द्वारा भी राजनीति पर अपनी अच्छी पकड़ होने से इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा संगठन पर बल दिया।

अन्त में जिला मंत्री श्री मिट्ठुन जी ने सभी पधारे अतिथियों एवं समाज बन्धुओं का आभार प्रकट किया तथा सभी को भोजन के लिए आमंत्रित किया।

### हर्षोल्लास से मनाया 72वां स्वतंत्रता दिवस

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मुण्डेल (सुखोलाव) खिंवसर परिसर में मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच श्री धन्नाराम जी कुकणा, मांगीलाल सुथार, श्री सत्यनारायण सुथार, रतनाराम पान्दु, कुम्भाराम सूबेदार, खेमाराम मांजू, प्रिंसिपल श्री रामनिवास जी चाहार की अध्यक्षता एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में 72वां स्वतंत्रता दिवस ध्वजा परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य मनाया गया। भामाशाओं ने प्रतिभावान छात्रों को स्मृति चिह्न, फाईल फोल्डर, प्रशंसा-पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदानकर सम्मानित किया गया। स्कूल में एक कमरे की आवश्यकता होने पर भामाशाह श्री सोनाराम सुथार के परिवार को कमरा बनाने व उसमें अपने परिवार के नामों की शिलालेख लगाकर लोकार्पण करने की सभी ने अनुमति देते हुए ग्रामवासी एवं शाला परिवार ने भामाशाह परिवार का आभार व्यक्त किया।

### प्रदेश सभा राजस्थान द्वारा प्रदेश भवन में हुआ झण्डारोहण

72वें स्वतंत्रता दिवस पर अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा राजस्थान द्वारा विद्याधर नगर स्थित प्रदेश सभा भवन में प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा एवं कर्नाटक के प्रदेशाध्यक्ष श्री गिरधारी लाल जांगिड, जिलाध्यक्ष जयपुर श्री घनश्याम जांगिड द्वारा झण्डा रोहण किया गया तथा राष्ट्रगीत गाया।

इस अवसर पर श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) प्रभारी राजस्थान, श्री राजेश शर्मा महामंत्री प्रदेश सभा, श्री नरेन्द्र देव शर्मा कोषाध्यक्ष प्रदेश सभा, डॉ. अशोक जांगिड पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री भागीरथ जांगिड, श्री पी.एन. शर्मा उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री महेन्द्र शर्मा, श्री कजोड़मल जांगिड प्रदेश सभा से श्री लालचन्द जांगिड राष्ट्रीय संरक्षक युवा शक्ति, श्री ललित किशोर शर्मा आर्टिस्ट, श्री मोहनलाल जांगिड शास्त्री नगर, श्री सुरेश गोगोरिया प्रदेशाध्यक्ष युवा शक्ति, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा आदि की उपस्थिति रही। मिठाई बांटी गई और भारत माता की जय-जयकार की।

### श्री विश्वकर्मा विकास समिति नागौर द्वारा संचालित छात्रावास में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूम-धाम से मनाया

72वें स्वतंत्रता दिवस पर श्री विश्वकर्मा विकास समिति नागौर द्वारा संचालित विश्वकर्मा छात्रावास में भारत माता, सरस्वती माता, श्री विश्वकर्मा भगवान के दिव्य चित्रों पर समाज के वयोवृद्ध श्री किशनाराम जी ईनाणा, विकास समिति संरक्षक जंवरीलाल जांगिड, भारतीय वायु सेना के पूर्व अधिकारी कनीराम जी सुथार, अध्यक्ष भगवान प्रसाद बरड़वा, पूर्व सचिव भंवर लाल कुलरिया एवं हनुमान प्रसाद बरड़वा जी ने पुष्पांजली देकर, दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की।

श्री जवंरीलाल जांगिड द्वारा ध्वजा रोहण किया गया तथा छात्रावास के छात्रों एवं सभी उपस्थित समाज बन्धुओं ने राष्ट्रगान किया।

छात्रों और समाज बन्धुओं को इस अवसर पर श्री भंवर कुलरिया, कनीराम सुथार, से.नि. सेना अधिकारी श्री परसाराम खंडेलवाल, प्रेमचन्द हर्षवाल, बंकट लाल जांगिड, गोविंद जांगिड, जंवरीलाल जांगिड द्वारा सम्बोधित किया।

समारोह में उपस्थित प्रबुद्ध समाज बन्धुओं में सचिव रामनिवास कड़लवा, ओमप्रकाश, धर्माराम अठवासिया, कन्हैयालाल बरड़वा, कानाराम करेल, मदनलाल अठवासिया, तुलसीराम कुलरिया,

लूणकरण कांगसिया, मुरलीधर हर्षवाल, ओमप्रकाश ढावा, रामधन सलून, रामदयाल कुसुम्बिवाल, बाबूलाल माकड़, गोविन्द कुलरिया, हेमाराम नारादना, राजाराम कुलरिया, फिड़ौद, रामेश्वर लाल अठवासिया, महावीर थिरोद, देवानन्द बरड़वा, जितेन्द्र जांगिड, गणपत बरड़वा, सत्यनारायण, दिनेश अठवासिया, भंवरलाल अठवासिया, भंवर लाल बरड़वा, रामप्रकाश जनाणां, कालू खत्रीपुरा, अशोक बरड़वा, कन्हैयालाल अठवासिया, सुभाष पालड़िया, श्रवण जांगिड, मेघाराम सहित अनेक समाज बंधु एवं छात्रावास के छात्र उपस्थित थे। मंच संचालन नन्द किशोर जांगिड द्वारा किया गया।

–अशोक कांगसिया (नागौर)

## जागो, उठो और जयपुर चलो, महाकुम्भ का आयोजन जयपुर में सम्पन्न

11 अगस्त, 2018 को के.एस. पैराडाईज गार्डन 52 फीट हनुमान मन्दिर के पास, आगरा रोड बगराना जयपुर में एक विशाल आम सभा का आयोजन जांगिड ब्राह्मण/विश्वकर्मा समाज समिति द्वारा किया गया, जिसमें लगभग एक हजार की संख्या में समाज की महिलाएं पुरुष सम्मलित हुए। दूर-दराजों से भी समाज बन्धुओं ने अपनी उपस्थिति दी तथा इस महाकुम्भ को सफलता प्रदान की।

विशाल आम सभा के अतिविशिष्ट अतिथि श्री अशोक परनामी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भाजपा एवं विधायक आदर्श नगर थे। मुख्य अतिथि भामाशाह उद्योगपति श्री नेमीचन्द शर्मा (जांगिड) गांधी थे। अतिथियों में श्री राम आसरे विश्वकर्मा पूर्व शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार, श्री सिरमेल कुलरिया उपप्रधान, डॉ. अशोक जांगिड पूर्व उपप्रधान, श्री खेमचन्द जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष अलवर। श्री भगवान राम फौजी प्रदेशाध्यक्ष राज. विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा, श्री हरिशंकर जांगिड जिलाध्यक्ष ओ.बी.सी. प्रकोष्ठ (कांग्रेस), श्री लालचन्द जांगिड संरक्षक जांगिड युवा शक्ति, सुश्री संध्या सुथार पूर्व अध्यक्ष महारानी कॉलेज जयपुर एवं वर्तमान में उम्मीदवार महासचिव हेतु विश्वविद्यालय राज., केप्टन हेमराज जांगिड जांगिड अध्यक्ष अंगीरा आश्रम कोटपूतली, श्री बंशीधर जी पूर्व अध्यक्ष थानागाजी, श्री देवीराम जी रामगढ़ मोड़, श्रीमती अनिता जांगिड गुरुग्राम श्रीमती सुनीता जी गुरुग्राम, श्रीमती संतोष देवी पार्षद (भाजपा) पाली, श्री नन्द लाल खण्डेला, श्री सीताराम टटेरा उपाध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री रमेश चन्द रावत तह. अध्यक्ष बस्सी, श्री मुकेश झाझवाड़ पूर्व तह. अध्यक्ष बस्सी, श्री ख्यालीराम जी खण्डेला, डॉ. मनोज जांगिड बानसूर छात्रावास, श्री सूरजमल जांगिड तह. अध्यक्ष जमवारामगढ़, श्री लल्लूराम जांगिड पूर्व तह. अध्यक्ष जमवारामगढ़, श्री बाबूलाल विश्वकर्मा, श्री राजेश सज्जन कुमार, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे, श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा, श्री दामोदर प्रसाद जांगिड पूर्व तह. अध्यक्ष शाहपुरा, श्री बृजकिशोर कुचेरिया तह. अध्यक्ष बसवा, श्री मुकुन्द जी अध्यक्ष शाखा सभा कालुण्डिया बास, श्री रामसहाय जांगिड (डिब्बे वाले) अध्यक्ष बास सांगानेर, श्री राजेश जांगिड कांवट, श्री बाबूलाल जी महामंत्री प्रदेश विश्वकर्मा शिल्पकार, श्री रामकिशोर जांगिड मलवास पूर्व जिलाध्यक्ष दौसा, श्रीमती नीलम शर्मा अध्यक्ष कुबेर समिति, श्री भगवान सहाय कड़वानिया ब्लॉक अध्यक्ष किशनपोल जयपुर, श्री बाबूलाल जांगिड तुंगा, श्री नेमीचन्द जोधपुर, जयनारायण नागौर, श्री श्रीनारायण झोटवाड़ा आदि मंचासीन हुए।

अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष पूजा अर्चना की गई एवं सामूहिक आरती का गायन हुआ। इस अवसर पर शीला जांगिड द्वारा विश्वकर्मा वन्दना एवं देश भक्ति गीत की प्रस्तुति दी गई।

सर्व प्रथम श्री सुरेश बैराठी द्वारा सभी अतिथियों व समाज बन्धुओं का आभार प्रकट किया, जिन्होंने दूर-दराज से पहुँचकर इस आयोजन को सफल बनाया, अपना कीमती समय निकाला। उन्होंने अवगत कराया कि बगराना में लगभग 2000 बीघा जमीन खाली पड़ी है, जसमें 25 बीघा भूमि विश्वकर्मा छात्रावास एवं तकनीकी विद्यालय के लिए सरकार आवंटन करें, उसके लिए माननीय विधायक अशोक परनामी जी से बात हुई है। आरा मशीनों के लाईसेंस जारी करवाने, तकनीकी महाविद्यालयों में 25% का आरक्षण छात्र-छात्राओं को मिले। विश्वकर्मा जांगिड सुथार अंगिरा कला बोर्ड का गठन सरकार करें। विश्वकर्मा कौशल एवं विकास बोर्ड का गठन करें, जिसमें समाज बन्धुओं को अध्यक्ष मनोनीत करें। विधानसभा के लिए व लोक सभा के लिए 5-5 सीट समाज को मिले/तकनीकी नौकरियों में समाज को 25% कुल सीटों पर आरक्षण मिले आदि मुद्दों पर यह महासम्मेलन का आयोजन किया गया। ये राजनैतिक पार्टियां बिना सिर गिनाए हमें राजनीति में नहीं आने देंगी। कोई राजनैतिक दल आपको नहीं कहेगा आप सरकार बनाएं। विधायक की कुर्सी हम बनाएं, विधानसभा दरवाजा हम बनाएं तो हम दरवाजे व ताला लगाना भी जानते हैं और तोड़ना भी जानते हैं। हमारी 11 मांगें हैं हमारी एक ऐसी स्कूल बने जिसमें सिफारिश से एडमीशन हो। हमने 25 बीघा भूमि की मांग की है। 8 बीघा भूमि ग्राम पंचायत बगराना को आवंटित हो चुकी है।

श्री राम आसरे विश्वकर्मा जी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि ये ऐतिहासिक सम्मेलन है, पगड़ी का लोग सम्मान करना सीखे। सरकार ने जितनी जमीन मांगी है उतनी दिलाएगी हम पूरी तरह से इस लड़ाई में आपके साथ हैं। सरकार के जनगणना कार्यक्रम में जाति के कॉलम में हम विश्वकर्मा लिख दें तो हमारा काम हो जाएगा। हम विभिन्न पांचाल, लोहार, सुथार, जांगिड, रामगड़िया, बढ़ई, धीमान आदि कई वर्गों में बंटे हुए हैं। जब तक हम विधायक, मंत्री, कलेक्टर नहीं बनेंगे हमारा विकास नहीं हो सकता है। हमें लड़ना सीखना है तथा अधिकार को प्राप्त करना है। मांगने से रोटी, कपड़ा, मकान तो मिल सकता है पर राज-पाट नहीं मिलता, इसे छीनना पड़ता है। हमें सामाजिक व राजनैतिक दोनों हैसियत की बात करनी है। हमारी बात उठाने वाला कोई नहीं है। सम्मान के लिए अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। हम 5% के लगभग हैं अब हमें इस लड़ाई को जन्तर-मन्तर दिल्ली तक ले जाना है। 17 सितम्बर का राष्ट्रीय अवकाश भी घोषित करवाना है। आरा मशीनों को लाईसेन्स बाबत कहा कि ये सुप्रीम कोर्ट में लम्बित है। जब दलित हिला सकते हैं तो क्या हम नहीं हिला सकते, हिम्मती बनो और सम्मान के साथ जीना सीखो।

इस अवसर पर श्री त्रिलोकचन्द जी आर्टिस्ट को 'विश्वकर्मा रत्न' का पुरस्कार भी आयोजन समिति द्वारा प्रदान किया गया।

मंच संचालन अपनी ओजस्वी वाणी में श्री सुरेश जी बैराठी द्वारा किया गया। श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर ने कहा कि महासभा, प्रदेश सभा के पदाधिकारीगण इस आयोजन में इसलिए

सम्मलित नहीं हुए कि उनसे आयोजक समिति ने अनुमति नहीं ली। अगर अनुमति ली होती तो वे आते। उन्होंने कहा अगर भाजपा भूमि आवंटन कर देती है तो मैं कांग्रेस में होते हुए भी कह रहा हूँ हम भाजपा को वोट देंगें।

डॉ. अशोक जांगिड ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजनैतिक क्षेत्र के लिए हमें लड़ना पड़ेगा। अगर हम एक बार विधान सभा में पहुँच गए तो इसकी संख्या बढ़ती जाएगी। संगठन में शक्ति होती है, लेकिन हम कमजोर क्यों हैं, हमारा ''इगो'' आड़े आता है। नेमीचन्द जी एम.एल.ए. बन सकते हैं। शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है, समाज विकास के लिए।

श्री भगवान राम फौजी जी ने पीड़ा जताई जांगिड समाज ही समाज को हराता है। अगर ये राजनैतिक मुख्य पार्टियां टिकट नहीं दें तो हमें दूसरे विकल्प पर यानि दूसरी पार्टियों के साथ जाना होगा।

श्री नन्दलाल खण्डेला जी ने अपने उद्बोधन में शिक्षा पर बल दिया और हम आई.ए.एस., आर.ए.एस. बना सकेंगें। प्रजातंत्र में सिर गिने जाते हैं, जो सोये हुए हैं उनको जगाना होगा, तब राजनैतिक भागीदारी सुनिश्चित होगी। बेटी सन्ध्या सुधार की सभी परिवारों के बच्चे-बच्चियाँ उनके चुनाव में मदद करें। यह राजनैतिक का प्रथम सौपान है। उन्होंने सुरेश जी का आभार जताया जिन्होंने एक मुहिम की शुरूआत की है।

सन्ध्या सुथार ने कहा कि वे सामाजिक व राजनैतिक दोनों क्षेत्रों के लिए सदैव तत्पर रहेंगी।

श्री सीताराम टटेरा जी ने कहा विश्वकर्मा कथा का आयोजन जयपुर में 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक होने जा रहा है, सबको सपरिवार पधारकर इसे सफल बनाना है।

श्री खेमचन्द जांगिड ने अपने उद्बोधन में हमें एक जुट होने की आवश्यकता जताई। आने वाले चुनावों हेतु मैं घोषणा करता हूँ विधानसभा का चुनाव लड़ूंगा।

श्री मुरारी लाल जांगिड, श्री लालचन्द, राजेश सज्जन आदि ने भी अपने विचार मंच के माध्यम से रखे। और कहा बिना युवाओं के आप राजनीति में प्रवेश नहीं कर सकते।

श्री नेमीचन्द शर्मा जी द्वारा उद्बोधन में समाज को टिकिट मिलने की आवश्यकता पर जोर देकर अशोक परनामी जी से कहा की हमारा यह हक बनता है। हमारे कोई मंत्री एम.एल.ए. समाज का नहीं है तथा हमारे छात्रावास के निर्माण की भी आवश्यकता है।

श्री अशोक परनामी जी ने कहा कि मुझे भी आपका समाज का ही मानें। आपके समाज का टेकनीकल स्कूल व भव्य छात्रावास हर हाल में अतिशीघ्र बनेगा, मैं अपने एम.एल.ए. कोष में पैसा भी इसी निर्माण पर खर्च करूंगा। अगर आपका जिताऊ उम्मीदवार है उसे टिकिट दिलाने की पूरी-पूरी कोशिश करूंगा, आपका जन प्रतिनिधि बैठा है, मुझे आप समाज का ही मानें।

इस अवसर पर प्रबुद्ध समाज बन्धुओं में श्री रोहिताश जांगिड से.नि. अध्यापक कोटपूतली, श्री शंकर लाल लदरेचा बीकानेर, श्री श्याम सुन्दर जालुण्ड्या, श्री महेश जी तह. अध्यक्ष आमेर, श्री अशोक हरसोलिया महामंत्री, श्री हरिमोहन जांगिड आर्टिस्ट, श्री बुद्धि प्रकाश पिलवाल, श्री कैलाश चन्द जांगिड अर्जुन नगर, श्री देवदत्त जी जांगिड, श्री मोतीलाल जांगिड बाड़ा पदमपुरा, श्री ओमप्रकाश जी अध्यक्ष शाखा सभा कानोता, श्री गोपाल जी प.सं. सदस्य कानोता, श्री शंकर लाल लदरेचा, श्री रामअवतार पिलवाल, डॉ. मनोज जांगिड बानसूर, श्री किशन लाल पिलवाल, श्री मदनलाल राजोतिया, श्री सत्यनारायण रावत, भगवान सहाय रावत आदि लगभग एक हजार की संख्या में समाज बन्धु उपस्थित हुए।

आयोजन समिति में श्री रामकल्याण जी बरला, श्री प्रभाती लाल तालचड़िया, श्री गोपाल लाल राजोतिया, श्री आनन्दी लाल, श्री कैलाश जी, श्री कैलाश जी गोगोरिया, श्री राजेन्द्र रावत, श्री कैलाश जी ठीकरिया, श्री लाल जी ढिंढोरिया, श्री सुरेश जी बैराठी, श्री हनुमान सहाय जांगिड, श्री रामचरण जांगिड, श्री कन्हैयालाल तालचड़िया एवं ओमप्रकाश जांगिड द्वारा कड़ी मेहनत से यह सफल आयोजन संभव हो पाया।

भोजन की व्यवस्था (सम्पूर्ण) भामाशाह रतन लाल बरला पालावाला वाले चन्द्र नगर, आगरा रोड जयपुर एवं श्री बनवारी लाल जांगिड रामपुरा वाले जामडोली द्वारा की गई।

अन्त में श्री सुरेश बैराठी द्वारा सभी अतिथियों को जो अपना अमूल्य समय निकालकर समारोह में पधारे व समाज बन्धुओं को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं सभी को भोजन पर आमंत्रित किया।

**तिवाड़ी का बास में नवनिर्मित विद्यालय के भवन का लोकार्पण हुआ**

16 अगस्त, 2018 को तिवाड़ी का बास में राज. माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह गजानन्द जांगिड व रामअवतार जांगिड द्वारा लगभग 27 लाख की लागत से नवनिर्मित विद्यालय भवन का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में नीम का थाना विधायक पेमसिंह बाजौर थे। विशिष्ट अतिथियों में प्रहलाद राय जांगिड प्रदेश अध्यक्ष महाराष्ट्र, श्री पी.डी. शर्मा प्रदेशाध्यक्ष मध्य प्रदेश, श्री द्वारका प्रसाद जांगिड प्रदेशाध्यक्ष गुजरात, श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर, श्री शिवनारायण थानेदार पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री राधेश्याम जांगिड अध्यक्ष प्रदेश सभा, श्री चिरंजीलाल जांगिड अध्यक्ष, श्री भंवरलाल जांगिड अध्यक्ष राजनीति चेतना मंच, ठेकेदार चौथमल जांगिड उपाध्यक्ष झुंझुनूं जिलासभा, समाजसेवी हरिनारायण जांगिड जस्सी का बास, प्रधानाध्यापक इन्द्राज सैनी, कर्नल जगदेव सिंह सहित गुशला भाजपा ईकाई अध्यक्ष बाबूलाल योगी, लक्ष्मीनारायण चेजारा, ठीकरिया पूर्व सरपंच श्री गजानन्द जांगिड, हंसराज जांगिड, सुरेश जांगिड, भागीरथमल जांगिड, संतोष जांगिड, सुरेश जांगिड, दांतारामगढ़, महेन्द्र जांगिड पिपराली, प्रहलाद जांगिड नारवाड़ी, शंकर लाल गुहाला, बनवारी लाल जांगिड घसीपुरा, राजेश कुमार जांगिड घसीपुरा कावट अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ खण्डेला, श्री ख्यालीराम जांगिड खण्डेला, धर्मचन्द फतेहपुरा, प्रहलाद भैरा, कैलाश जांगिड बृहसिंगपुरा, रतनलाल गढ़तकनेत, शिवराम आसपुरा, नागरमल जांगिड जांगिडपुरा, बनवारी लाल जी खण्डेलसर उपप्रधान महासभा, सुरेश जांगिड कुली खाचरियावास, कन्हैया लाल सांवलोदा, मक्खन लाल जांगिड कोटड़ी, बालचन्द जांगिड डाबला,

चौथमल जांगिड झड़ाया, घनश्याम जांगिड नीम का थाना सहित हजारों लोग उपस्थित हुए। सभी अतिथियों का सम्मान माल्यार्पण, साफा बन्धवा कर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर किया।

विद्यालय का लोकार्पण विधायक प्रेमसिंह, राष्ट्रीय प्रधान श्री रविशंकर शर्मा के करकमलों द्वारा किया गया। आधुनिक सुविधाओं से युक्त शानदार भवन जन हेतु सरकार को समर्पित किया। सभी ने श्री गजानन्द जी व रामलाल जी को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया। लगभग 2000 वर्गगज जमीन पर विद्यालय बनाया।

इस अवसर पर भामाशाह गजानन्द जांगिड व रामवतार जांगिड का विधायक द्वारा तथा महासभा पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया।

समारोह में बजरंगलाल जांगिड ने 130 टेबल-कुर्सी तथा पी.डी. शर्मा जी ने 5 अलमारी भेंट करने की घोषणा तथा वाटकर कूलर की भी घोषणा की गई।

मुख्य अतिथि श्री प्रेमसिंह विधायक जी ने विद्यालय को ग्रामीणों की मांग पर क्रमोनत करने का आश्वासन दिया तथा बालिका शिक्षा से बढ़ावा ही राष्ट्र निर्माण को बढ़ावा मिलता है। सभी अतिथियों ने समारोह को सम्बोधित किया

## जिला सभा नागौर की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

15 अगस्त, 2018 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा नागौर की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह श्री विश्वकर्मा भवन, सैनिक बस्ती नागौर में आयोजित किया गाय। महन्त श्री बजरंगदास जी महाराज (गुलरधाम) के सान्निध्य में यह आयोजन हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि भामाशाह समाज सेवी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष गुजरात श्री नेमीचन्द शर्मा थे तथा समारोह की अध्यक्षता श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राज. द्वारा। अतिविशिष्ट अतिथियों में श्री हनुमान जी पूसाराम जी सुथार उद्योगपति गोगोलाव (नागौर), श्रीमती अंजुला जी आसदेव (आर.ए.एस.) सहा. निदेशक जिला उद्योग केन्द्र फलौदी, श्री रामचन्द्र जी उत्ता जिलाध्यक्ष भाजपा नागौर, श्री देव किशन जी कुलरिया तथा विशिष्ट अतिथियों में श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री हरिशंकर जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर, श्रीमती संतोष जांगिड ओ.बी.सी. प्रकोष्ठ जिला महामंत्री सादड़ी एवं उपप्रधान महासभा, श्री भगवान राम जी बरड़वा अध्यक्ष विश्वकर्मा विकास समिति नागौर, छोटमल जी अठवासिया उद्योगपति नागौर, श्री बंशीलाल जी उपप्रधान अ.भा. विश्वकर्मा विराट संघ उज्जैन, श्री मोहनलाल जांगिड महामंत्री प्रदेश सभा गुजरात (गांधीधाम), श्री सोहनलाल जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष नागौर (दिल्ली), श्री मोहनलाल जी जायलवाल पूर्व अध्यक्ष पंचायत जोधपुर, श्री रणछोड़ जी जांगिड उद्योगपति जोधपुर, श्री नरेश जी दम्भीवाल उद्योगपति जोधपुर, श्री बंशीलाल जांगिड जिलाध्यक्ष अजमेर, डॉ. अशोक जांगिड पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री सूरजमल जी सेवरड़ा (राजसमंद), श्री ख्याली राम जी खंडेला, श्री श्याम जांगिड, श्री भगवान राम जी बड़ौदा, श्री तुलसीराम जांगिड जिलाध्यक्ष नागौर, श्री चौथमल जांगिड जिलाध्यक्ष सीकर, श्री नन्दलाल जी खण्डेला, श्री लालचन्द जांगिड राष्ट्रीय संरक्षक युवा शक्ति, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टुडे, श्री हरिराम जांगिड दीप विश्वकर्मा, श्री गितेश जांगिड अंगीरा वैभव जयपुर से, श्री भागीरथ जी, श्री सुरेश जी प्रदेशाध्यक्ष युवा शक्ति, श्री चिरंजीलाल जी अध्यक्ष छात्रावास सीकर, श्री नरेन्द्र जी प्रबंधक छात्रावास सीकर, श्री सिरमल जी कुलरिया पूर्व उपप्रधान महासभा, श्री हनुमान प्रसाद बुढ़ल आदि मंचासीन हुए।

सभी अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना कर सामूहिक विश्वकर्मा जी की आरती का गायन हुआ। सभी मंचासीन अतिथियों का सम्मान माल्यार्पण, दुपट्टा, साफा बन्धवाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर तुलसीराम जी कुलरिया, श्री रामनिवास जी, बंकट लाल जांगिड, ओमप्रकाश जी, श्री मांगीलाल जी एवं पदाधिकारीगणों द्वारा सम्मानित किया गया।

श्री रामचन्द्र उत्ता द्वारा अपने उद्‌बोधन में चार बातों के लिए बताया, जिसमें संगठन सभी का एक जुट होना है। हम कर्मशील, कर्मठ व्यक्तित्व के धनी हैं, समाज का मापदण्ड आर्थिक क्षमता है जो भगवान विश्वकर्मा जी ने हमको अधिक दिया।

मंच साझा करने वाले ही भामाशा है। हमारा समाज अभी दूसरे पायदान पर है। शिक्षा में भी हम अग्रणी रहे हैं, अधिकतर शिक्षित हैं। हम चिकित्सा, प्रशासनिक आदि सेवाओं में हैं। आने वाले समय की युवा अपनी प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाएं हैं उसमें आगे बढ़ें। राजनैतिक क्षेत्र में हम अभी सक्षम नहीं हैं। इसके लिए प्रयत्नशील बनें। चुनाव लड़ना सीखें। हमारा समाज सभी समाजों में प्रिय रहा है। उन्होंने सदैव हमारा सहयोग लिया। अब बारी हमारी है, हम भी तो उनसे मांगने में क्यों पीछे रहें। हम छोटा से छोटा बड़े से बड़ा चुनाव लड़ें। इसमें वास्तव में आज हम कमजोर हैं। हम इस पायदान में आगे आने के लिए प्रयासरत रहें, उन्होंने अपना जीवन का अनुभव भी साझा किया। आपने बताया 22 वर्षों तक भाजपा में सेवा की है और 30 वर्ष से राजनीति में हैं, मुझे पहले जिलाध्यक्ष बनाया तथा पुन: जिलाध्यक्ष (ओ.बी.सी.) बनाया है। टिकिट की भी मांग कर रहे हैं, चुनाव में प्रत्याशी बनाने की और मैं चुनाव में उतरूंगा आपके भरोसे पर। प्रजातंत्र में सिर गिनाए जाते हैं, संख्या बल बढ़ाने के लिए लोगों से समन्वय बनाना है।

इस अवसर पर ललित किशोर आर्टिस्ट जयपुर ने श्री नेमीचन्द जी को उनका पोट्रेट भेंट किया।

अतिथियों द्वारा नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिनमें संरक्षक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, मंत्री, संगठन मंत्री, प्रचार मंत्री, कार्यकारी सदस्य, सह. कोषाध्यक्ष, मुख्य चुनाव अधिकारी, चुनाव अधिकारी, सलाहकार, मीडिया प्रभारी, विधि सलाहकार आदि सम्मलित हैं। कुल 131 पदाधिकारियों व सदस्यों ने शपथ ली।

प्रदेशाध्यक्ष राज. श्री लखन शर्मा जी द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री तुलसीराम कुलरिया जी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नागौर का प्रदेश सभा की ओर से भी सम्मान किया। श्री नेमीचन्द जी एवं श्री तुलसीराम जी का कई जिलों द्वारा सम्मान किया।

श्री तुलसीराम कुलरिया द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जिला शिक्षा कल्याण कोष की स्थापना की तथा स्वयं तुलसीराम जी ने एक लाख रुपए सबसे पहले इस कोष में देने की घोषणा की। 31000 रु. की श्री बंकट लाल जी द्वारा इस कोष के लिए घोषणा की। एक लाख रु. की घोषणा श्री हनुमान पूसाराम जी सुथार द्वारा की। 11000 रु. श्री हरिशंकर जांगिड द्वारा, 51000 रु. श्री छगनलाल जी मकराना द्वारा, 51000 रु. की घोषणा श्री नेमीचन्द जी गांधीधाम द्वारा की गई।

उद्‌बोधन की कड़ी में श्रीमती अंजुला आसदेव आर.ए.एस. द्वारा महिलाओं की संख्या लगभग नगण्य होने पर खेद प्रकट किया। वर्तमान में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलती हैं। उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ तथा बेटी व बहू में कोई भेद न हो इसके लिए सभी को आह्वान किया।

श्री हरिशंकर जांगिड ने बताया कि हमें शिक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता है, महासभा में अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ें। राजनीति में हमें हमारा नेता जो भी कहता है, उसे ही वोट देना है।

श्री बी.सी. शर्मा जी ने अपने उद्‌बोधन में कहा हम राजनीति में बहुत पीछे हैं। इसके लिए संगठन की आवश्यकता है।

श्री नेमीचन्द जी ने बताया हमें बच्चों में सुसंस्कार डालना चाहिए, जिसके लिए उदाहरण प्रस्तुत कर अवगत करवाया। उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किया कि हम सभी प्रकार की मदद समाज में समय-समय पर करते हैं, मंच के माध्यम से कभी मैंने आलाचेना नहीं की। समर्पण के भाव के बिना हम सेवा नहीं कर सकते। सत्यक भी पराजित नहीं होता है और मैं इसको अहमियत देता हूँ। समाज की बात को ढकना चाहिए, स्वच्छता, पेड़ लगाने का कार्य हम जारी रखें, संगठन के बिना राजनीति में हम प्रवेश नहीं कर सकते।

श्री सूजमल जी सेवड्ढा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। श्री लखन शर्मा द्वारा अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि महासभा हमारी माँ है और माँ का सम्मान करना हमारा प्रथम कर्तव्य है। 111 वर्षों में सभी प्रधानों ने अपने विवेक से कार्य किया है और हम तब ही आगे बढ़े हैं। मंच के माध्यम से मैं कहना चाहता हूँ कि किसी को कोई वेदना है, तकलीफ है तो उसके लिए दरवाजे खुले हैं। नेमीचन्द जी को कहा कि आप सेवक हैं, आप शुरूआत करें प्रदेश सभा को भी हम सुन लेंगे आपकी वेदना है। चुनावी प्रक्रिया महासभा के तहत नियमानुसार हुई है। जो भी चुनाव हुए निष्पक्ष हुआ, आपको मानना है। राजनीतिक सम्मेलन सीकर में हो रहा है, जिलाध्यक्ष सीकर को पता ही नहीं। सभी चाहते हैं समाज एक जुट होकर आगे बढ़े। तीन वर्ष का नागौर का कार्यकाल है उसे ठीक से लें। सभी बिन्दु मीटिंग में तय हों और वो क्रियान्वित हों। हमारे समाज का नाम ऊँचा हो। भगवान विश्वकर्मा का नाम अन्य भगवानों की तुलना में आगे नहीं आया, क्या कारण रहे? अपने भगवान का डर हममें होना चाहिए तभी तो हम उन्हें पूजेंगे। हम मन्दिरों में जाएं तथा उनसे कुछ मांगें, हमें अवश्य ही मिलेगा। हमें भगवान का प्रचार-प्रसार करना चाहिए, उनके नाम से भण्डारे, प्रसादी आदि करने चाहिए। जयपुर में विश्वकर्मा कथा का आयोजन 2 से 8 अक्टूबर, 2018 को होने जा रहा है, उसमें सभी उपस्थिति लगाएं। 2 सितम्बर को प्रदेश सभा के महिला प्रदेशाध्यक्ष की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण होने जा रहा है, उसमें अवश्य पधारें। श्री बंकट लाल जांगिड ने महासभा की पूर्ण जानकारी मंच के माध्यम से दी।

कुशल मंच संचालन एंकर त्रिलोक चन्द सुथार बाड़मेर द्वारा किया गया। अन्त में श्री तुलसीराम कुलरिया जी ने सभी आगन्तुक अतिथियों एवं समाज बन्धुओं का आभार प्रकट किया तथा सभी को स्नेह भोज के लिए आमंत्रित किया।

समारोह भव्य रहा, पाण्डाल व हॉल में बैठने के पश्चात् भी समाज बन्धु पोर्च में खड़े नज़र आए।

## जांगिड समाज के बच्चों ने जेब खर्ची बचाकर स्कूल में कम्प्यूटर कक्ष का कराया नवीनीकरण (एक अनुकरणीय पहल)

कक्षा 10 के छात्र चन्द्रशेखर जांगिड एवं कक्षा 8 के छात्र मोहन जांगिड ने अपनी जेब खर्ची से बचाकर बांगड राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (पाली) में कम्प्यूटर कक्ष का नवीनीकरण एवं सौंदर्यकरण कराकर एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया। यह प्रधानाचार्य श्री गजेन्द्र दवे ने बताया और केन्द्रीय राज्य मंत्री पी.पी. चौधरी द्वारा इन विद्यार्थियों द्वारा नवीनीकरण करवाया गया इस कम्प्यूटर कक्ष का उद्‌घाटन किया साथ ही मंत्री महोदय द्वारा निर्मित स्मार्ट कक्ष का भी उद्‌घाटन किया गया। चन्द्रशेखर व मोहन दोनों श्री प्रकाश चन्द जांगिड पाली के सुपुत्र हैं। कई वर्षों से दोनों जेब खर्ची को गुल्लक में डाल रहे थे तथा बड़ी बचत कर रखी थी।

इस अवसर पर राकेश भाटी, नरपत दवे, राधेश्याम चौहान, देवराज शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी पन्नालाल अहीर, अनुराग चतुर्वेदी, श्रवण चौहान, रमेश खमराना, राधेश्याम सोनी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

यह प्रयास दृष्टया है कि समाज में बाल भामाशाह भी उभर कर आए।

## पिता की याद में किया वृक्षारोपण और की आँखें दान, चिट्ठी वितरण ना कर किया मृत्युभोज का बहिष्कार

श्री भंवरलाल जी सुथार (पिडवा) निवासी बापू नगर विस्तार, पाली (राज.) का निधन 29 जुलाई, 2018 को हो गया, जिसकी पगड़ी रस्म 9 अगस्त 2018 को रखी गई।

वे अपने पीछे घीसूलाल, प्रेमी देवी, लिखमाराम-ज्ञानी देवी (भाई-भाभी), प्रकाश चन्द-ममता (पुत्र-पुत्रवधू), हरगोविन्द, गणेश, बस्तिमल, लक्ष्मण, सुरेश, रामचन्द्र (भतीजे), चंद्रशेखर, मोहन, गोपाल, हरीश, तरुण, पंकज, लोकेश, उमेश, किशोर, रमेश, ललित, प्रवीण (पौत्र), हेमेन्द्र (पड़पौत्र) आदि भरापूरा परिवार छोड़कर गए हैं।

पिता द्वारा मृत्युभोज न करने के अपने संकल्प को पूरा किया और इसके खिलाफ अपनी लड़ाई में पहल करते हुए अपने घर से प्रथम बार चिट्ठी फाड़ न्यात न करके साधारण तरीके से फोन पर इष्ट मित्रों तथा सगे-सम्बन्धियों को बुलावा भेजकर मृत्युभोज के खिलाफ जंग को जारी रखते हुए समाज का भी मान रख दिया और सामाजिक मर्यादाओं को भी नहीं तोड़ा। लेण, पेरावणी, ओडोवनी नहीं ली और न ही दी। समाज के समक्ष रात्रि वैदिक भजन, सुबह हवन करके सनातन धर्म का सम्मान किया और रूढ़िवादियों से सामना करते हुए अपने दृढ़ निश्चय के बल पर साधारण प्रसाद किया। केवल समाज में समानता का स्तर कायम करने के लिए। पिता के पूर्व में लिए गए संकल्प के अनुसार 29 जुलाई को आँखें दान की और 9 अगस्त को

पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से 35 पौधों का रोपण भी किया। यह साहसिक कदम श्री प्रकाश चन्द पिडवा एकलोते सुपुत्र द्वारा उठाकर सम्पूर्ण समाज के लिए सुधारवादी और प्रेरणायुक्त संदेश प्रदान किया जिसका समाज बन्धुओं ने धन्यवाद दिया।

**श्री विश्वकर्मा क्लब चुरू द्वारा नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष श्री गिरधारी लाल राजोतिया का किया सम्मान**

2 अगस्त, 2018 श्री गिरधारी लाल राजोतिया नव निर्वाचित निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुने जाने पर श्री विश्वकर्मा क्लब चुरू एवं जांगिड समाज क्षीर सागर कुआं मोहल्ला द्वारा हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष को माल्यार्पण एवं प्रतीक चिह्न स्मृति स्वरूप भेंटकर सम्मानित किया गया।

मंचासीन अतिथियों में लादूराम काकटिया, लूणाराम भदरेचा, मोहनलाल शर्मा, बच्छराज जांगिड, शंकर लाल धामू, परमेश्वर कांकटिया, महावीर मीषण, विनोद कुमार जांगिड, गोविन्द राजोतिया, मनोज राजोतिया, जय प्रकाश, राजीव, जुगल किशोर, रामरतन, जगदीश प्रसाद रोलीवाल, बुद्धमल, भंवरलाल चोयल, बजरंग लाल धामू, विकास जांगिड, ज्ञानप्रकाश, शिवकुमार, हरदत आदि थे।

इस अवसर पर श्री गिरधारी लाल राजोतिया ने अपने उद्बोधन में समाज की एक जुटता एवं संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने समाज के वरिष्ठजन एवं युवाओं को साथ लेकर चलने का आह्वान किया। ज्यादा से ज्यादा महासभा के सदस्य बनाने का आह्वान किया।

क्लब अध्यक्ष श्री मोहनलाल जी ने समाज में व्याप्त सामाजिक कुरुतियों के उन्मूलन पर विचार प्रकट किए।

विनोद कुमार जांगिड ने बताया उच्च तकनीकी शिक्षा से ही समाज का समग्र विकास होगा। सर्व सम्मत निर्णय लिया गया कि जांगिड समाज के उत्थान के लिए राज्य स्तर पर काष्ठकला अथवा दस्तकार कला बोर्ड बनाने के लिए प्रयास किए जाएं।

मंच संचालन श्री बैजूराम जांगिड द्वारा कियागया।

**–मोहनलाल रोलीवाल,** अध्यक्ष विश्वकर्मा क्लब

**प्रदेश सभा राजस्थान की महिला कार्यकारिणी का भव्य शपथग्रहण समारोह सम्पन्न**

2 सितम्बर, 2018 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा प्रदेश सभा भवन विद्याधर नगर, जयपुर में महिला शक्ति को सशक्त करने हेतु प्रदेश सभा राजस्थान की महिला कार्यकारिणी का गठन कर भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जोकि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही। समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती संतोष शर्मा एवं श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान महासभा दिल्ली तथा समारोह की अध्यक्षता श्रीमती सायर शर्मा एवं श्री लखन शर्मा (जांगिड) प्रदेशाध्यक्ष राज. द्वारा की गई। अतिविशिष्ट अतिथियों में डॉ. श्रीमती सोनिका शर्मा एवं डॉ. श्री समित शर्मा (आई.ए.एस.), श्रीमती गोरी जांगिड एवं डॉ. जोगाराम जांगिड (आई.ए.एस.), श्रीमती सुनीता शर्मा एवं श्री कैलाश चन्द जांगिड पूर्व राष्ट्रीय प्रधान महासभा, श्री नेमीचन्द जांगिड उद्योगपति एवं भामाशाह गांधीधाम, श्री विद्या सागर जी वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री सीताराम जी से.नि. जज गुड़गांव, श्री प्रभु जी बरनेला उपप्रधान महासभा, श्री अमराराम जी अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष महासभा, श्री एम.डी. शर्मा उद्योगपति जोधपुर, विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती अनिता शर्मा एवं श्री बी.सी. शर्मा (पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान), श्रीमती मधु शर्मा एवं श्री जगदीश शर्मा पंवार (एडीजे), श्रीमती प्रीति शर्मा एवं डॉ. मुकुट बिहारी जांगिड (आर.ए.एस.), अतिथियों में श्रीमती कान्ता जांगिड (आईपीएस) जोधपुर, श्रीमती प्रतिभा मोटयार (आरजेएस) अलवर, श्रीमती लक्ष्मी सुथार (आरएएस), श्रीमती गायत्री देवी एवं श्री देवेन्द्र कुमार शर्मा (से.नि. आरएएस) जयपुर, श्रीमती स्मिता जांगिड एवं श्री ओमप्रकाश जांगिड (से.नि. आरएएस) जयपुर, प्रदेशाध्यक्ष म.प्र. श्री पी.डी. शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष कर्नाटक गिरधारी लाल जांगिड, प्रदेशाध्यक्ष उत्तराखण्ड श्री श्याम लाल जी, प्रदेशाध्यक्ष गुजरात श्री द्वारका प्रसाद जी, श्री रामपाल जांगिड (प्रभारी दक्षिण महासभा) बैंगलोर, डॉ. मोतीलाल जी, श्री आर.सी. शर्मा श्री गोपाल पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री बाबूलाल पंवार पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री कान्ति प्रसाद टाईगर पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री सीताराम जांगिड पूर्व जिला प्रमुख करौली, श्रीमती भारती जांगिड उपप्रधान महासभा, श्रीमती कृष्णा जांगिड उपप्रधान महासभा, श्री राजेश शर्मा महामंत्री प्रदेश सभा राज. सपत्निक, श्री कैलाश शर्मा (साली वाले) प्रभारी प्रदेश सभा राज., श्री घनश्याम पंवार जिलाध्यक्ष जयपुर सपत्निक, श्री नरेन्द्र देव शर्मा कोषाध्यक्ष प्रदेश सभा राज. सपत्निक, श्रीमती अंजु जांगिड महिला जिलाध्यक्ष जयपुर श्री गोपाल जांगिड फतेहपुर, स्वागताध्यक्ष श्री रामरतन जांगिड (कन्हैयालाल रामरतन) रामपुरा डाबड़ी, जयपुर थे आदि मंचासीन हुए।

श्रीमती संतोष शर्मा धर्मपत्नी श्री रविशंकर शर्मा राष्ट्रीय प्रधान एवं श्रीमती सायर शर्मा धर्मपत्नी श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष जी श्रीमती स्मिता जी धर्मपत्नी श्री ओमप्रकाश जांगिड जी को मैन गेट से मंच तक महिला प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती संतोष जांगिड धर्मपत्नी श्री रामरतन रामपुरा डाबड़ी व महिलाओं द्वारा मंच तक लाया गया एवं मंचासीन करवाया। मंचासीन करवाने से पूर्व सभी अतिथियों को तिलक व अक्षत लगाकर रेणु जांगिड सुपुत्री रामरतन जांगिड एवं निशा जांगिड द्वारा स्वागत किया।

अतिथियों द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन उपरान्त सामूहिक आरती हुई तथा तस्वीर के पास दो ध्वज भी लगाए गए। सभी मंचासीन अतिथियों को पुरुषों में श्री रामरतन जांगिड (रामपुरा डाबड़ी) स्वागताध्यक्ष द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया गया। वहीं श्रीमती संतोष जांगिड महिला प्रदेशाध्यक्ष द्वारा सभी महिला अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट किया गया।

मंच संचालन पुरुष वर्ग में श्री सुरेश पिलवाल जी पूर्व जिलाध्यक्ष जयपुर एवं मुख्य चुनाव प्रभारी राज. तथा श्री राजेश शर्मा महामंत्री प्रदेश सभा राज. द्वारा किया गया। वहीं महिला वर्ग में मंचसंचालन सरला जी बहरोड़ एवं डॉ. मीना जांगिड जोधपुर द्वारा किया गया।

समारोह का आयोजन पूर्णरूपेण सुव्यवस्थित रहा। समारोह का पूर्ण व्यय श्री रामरतन जांगिड उद्योगपति (कन्हैयालाल रामरतन) द्वारा किया गया।

इस अवसर पर राजस्थान से जिलाध्यक्षों की उपस्थिति में श्री बंशीलाल अजमेर, श्री भगवान सहाय जी दौसा, बांकाराम जी

बाड़मेर, श्री मदनलाल जांगिड कोटा, श्री वेद प्रकाश जांगिड करौली, श्री हुकमचन्द शर्मा सवाईमाधोपुर, श्री बाबूलाल जांगिड खेरड़ा टोंक, श्री गोपाल जांगिड राजसमंद, श्री चौथमल जांगिड सीकर, श्री घीसूलाल जांगिड पाली सहित तहसील अध्यक्ष, शाखा सभा अध्यक्ष एवं मन्दिर अध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं के अध्यक्ष उपस्थित हुए।

नवगठित महिला कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ अतिथियों द्वारा दिलवाई गई। वहीं श्रीमती स्मिता शर्मा धर्मपत्नी श्री ओमप्रकाश जांगिड (से.नि. आरएएस) को महामंत्री राजस्थान के पद की शपथ प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा द्वारा दिलवाई गई।

कोषाध्यक्ष पद के लिए श्रीमती गायत्री देवी धर्मपत्नी श्री देवेन्द्र जी (से.नि. आरएएस) को महासभा प्रदेश सभा श्री राजेश शर्मा द्वारा शपथ दिलवाई गई।

कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष के रूप में मीना जांगिड जी को जिलाध्यक्ष जयपुर श्री घनश्याम पंवार द्वारा शपथ दिलवाई गई।

ये महिला प्रदेश कार्यकारिणी, प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा जी की अनुशंसा पर मनोनीत की गई। महिला जिलाध्यक्षों के रूप में निम्न को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई–

संतोष जांगिड जिला पाली, कृष्णा सुथार जिला राजसमंद, मग्गी देवी जिला बाड़मेर, सीमा जिला दौसा, मधु शर्मा जिला टोंक, कविता जिला सवाई माधोपुर, मीना जांगिड जिला करौली, गीता शर्मा जिला उदयपुर आदि।

उद्बोधन की कड़ी में श्री बी.सी. शर्मा, श्री घनश्याम पंवार, डॉ. अंजुला, प्रतिभा मोटयार, देवयानी, जगदीश एडीजे, श्री मुकुट बिहारी, डॉ. समित शर्मा जी, डॉ. जोगाराम जी, श्री कैलाश चन्द्र बरनेला, श्री अमराराम जी दुबई, श्री रविशंकर जी तथा श्री लखन शर्मा द्वारा सम्बोधित किया गया। जिसमें सभी ने कहा इस ऐतिहासिक खचाखच भरे पाण्डाल में महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक रहने पर समाज में एक नई चेतना का प्रारंभ हुआ। यह शुरूआत है पहली बार इस प्रकार महिलाओं को आगे लाने का प्रयास किया गया। श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राज. एवं महिला प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती संतोष जांगिड के प्रयासों की सभी ने सराहना की। कार्य करने की क्षमता तो सभी में होती है पर कार्य प्रणाली प्रभावी कैसे हो ये देखने को मिला। ऐसी उपस्थिति सदैव बनी रहे ऐसी सभी उद्घोषकों ने आशा जताई। प्रत्येक समाज बन्धुओं को अपना योगदान समाज विकास के कार्यों में देना है। शिक्षा में बेटी–बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर अपने विचार रखे। कानूनी सलाह व प्रक्रिया पर किस प्रकार हम सजग रहें इस पर भी उद्बोधन पर जोर दिया। अन्त में श्रीमती संतोष देवी महिला प्रदेशाध्यक्ष द्वारा सभी का आभार प्रकट किया एवं सभी को सहभोज के लिए आमंत्रित किया।

## अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा टोंक की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

4 सितम्बर, 2018 को अ.भा.जां.ब्रा. महासभा जिला सभा टोंक की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह श्री भूतेश्वर महादेव मन्दिर परिसर टोंक में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान महासभा दिल्ली थे एवं अध्यक्षता श्री लखन शर्मा प्रदेशाध्यक्ष राजस्थान द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि श्री बी.सी. शर्मा पूर्व वरिष्ठ उपप्रधान महासभा तथा श्री रामेश्वर प्रसाद जांगिड (मांगरोल) अध्यक्ष जांगिड समाज हस्तकला सेवा समिति राज. जयपुर थे।

अतिथियों में श्री दुर्गालाल जी मांगरोल संरक्षक प्रदेश सभा, श्री धर्मवीर जांगिड राष्ट्रीय अध्यक्ष युवाशक्ति, श्री बाबूलाल जांगिड देवड़ावास पूर्व जिलाध्यक्ष एवं चैयरमेन कृषि उपजमण्डी समिति दूनी, श्री स्योजीलाल पालगंज दूनी, श्री आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टूडे जयपुर, श्री भंवरलाल शर्मा से.नि. एक्सईएन देवली प्रदेश संगठनमंत्री, श्री राजेश नोहटा तहसील अध्यक्ष सांगानेर जयपुर, श्रीमती मधु देवी महिला जिलाध्यक्ष टोंक, श्री घासीलाल जी जांगिड अध्यक्ष जांगिड विकास समिति पचेवर, श्री बद्री जी जांगिड प्रदेश उपाध्यक्ष जांगिड युवा शक्ति, श्री भैरूलाल जी गिरदावर प्रदेश उपाध्यक्ष राज., श्री रामकरण जांगिड तह. अध्यक्ष पीपलू, श्री लक्ष्मण जांगिड अध्यक्ष विवाह सम्मेलन टोडारायसिंह, श्री कैलाश जांगिड अध्यक्ष मन्दिर विकास समिति मालपुरा, श्री लड्डू लाल जी भीमगंज, लादूलाल जी बोसरिया माण्डकला समिति पदाधिकारी, श्री पप्पूलाल देशमा, श्री टीकम चन्द जांगिड, घासीलाल जी तितरिया तह. अध्यक्ष मालपुरा, श्री कैलाश जी सूथड़ा, श्री बाबूलाल जांगिड तह. अध्यक्ष उनियारा, श्री कजोड़मल जांगिड नयागांव तह. अध्यक्ष टोंक, श्री राधेश्याम जांगिड तह. अध्यक्ष निवाई, श्री सोभागमल जांगिड तह. अध्यक्ष दूनी, श्री गोपाल जी जांगिड तह. अध्यक्ष टोडारायसिंह, श्री लल्लू जी सेदरिया पूर्व तह. अध्यक्ष निवाई, श्रीमती आशा जांगिड महिला संरक्षक प्रदेश सभा, सत्यनारायण जी देवली, रामेश्वर जी जैतपुरा, गोविन्द नारायण जी रानोली, श्रीमती प्रेमदेवी देवली प्रचार मंत्री प्रदेश सभा, श्रीमती निर्मला देवी उपाध्यक्ष प्रदेशसभा, श्रीमती कलावती प्रचारमंत्री महिला प्रदेशकार्यकारिणी, श्रीमती नन्दू देवी उपाध्यक्ष प्रदेश सभा आदि मंचासीन हुए।

अतिथियों द्वारा श्री विश्वकर्मा जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन उपरान्त सामूहिक आरती की गई। मुख्य अतिथि, अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों का सम्मान माल्यार्पण, साफा बन्धवाकर किया गया और सभी सम्माननीय अतिथियों का सम्मान माल्यार्पण कर समिति पदाधिकारियों श्री बाबूलाल जांगिड जिलाध्यक्ष खेरड़ा, श्री कृष्ण गोपाल जांगिड कार्यकारी अध्यक्ष, श्री पूरणमल जांगिड महामंत्री, श्री हनुमान प्रसाद जांगिड कोषाध्यक्ष, श्री शिवजी लाल जी एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

नवगठित कार्यकारिणी को अतिथियों द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई, जिसमें संरक्षक सदस्यों, कार्यकारी अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मंत्री, उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री, प्रचार मंत्रियों एवं अन्य सदस्यगण शामिल हैं।

मंच संचालन अनिता जांगिड (व्याख्याता) तथा सियाराम कुरथल द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष श्री लखन शर्मा एवं राष्ट्रीय प्रधान जी द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री बाबूलाल जांगिड खेरड़ा को नियुक्ति पत्र प्रदान कर किया गया।

जिला सभा टोंक द्वारा वर्ष 2018 से 2021 तक की कार्य योजना भी समाज के समक्ष मंच के माध्यम से रखी गई, जिसका सभी ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

श्री बाबूलाल जांगिड पूर्व जिलाध्यक्ष ने शिक्षा व कुरुतियों पर अपने विचार व्यक्त किए।

श्रीमती आशा जांगिड द्वारा भी अपने उद्‍बोधन में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर विशेष ध्यान आकर्षित किया।

श्री बी.सी. शर्मा जी द्वारा अपने उद्‍बोधन में बताया कि प्रदेश सभा राजस्थान वर्तमान में काफी सक्रियता से कार्यकर रही है, ऐसे ही जिला सभाओं व तहसील सभाओं को अनुसरण करना है। महिला संगठन के नाम में पहले हम शून्य पर थे, वहीं अब शीर्ष पर हैं। महिला जिलाध्यक्ष को बताया कि वे महिलाओं को अधिक से अधिक महासभा से जोड़ें। राजस्थान में इसकी शुरूआत हो चुकी है और आशातीत बदलाव आएगा। राजनीति पर भी दृष्टिपात किया।

श्री रविशंकर जांगिड जी ने कहा कि पूर्व जिलाध्यक्ष द्वारा भी बहुत परिश्रम करके कुरुतियों पर लगाम लगाई है। मैंने भी मृत्युभोज नहीं किया। आपसे भी अनुरोध है ऐसी कुप्रथा को बन्द कर बचाई हुई राशि बच्चों की शिक्षा पर खर्च करें, क्योंकि शिक्षा वर्तमान में बहुत महंगी है। हमें दहेज प्रथा को बिल्कुल बन्द करना है। हमें बेटी एवं बहु में भेदभाव नहीं करना है। बच्चों को अच्छे संस्कार देना है। राजनीति पर कहा कि हमें एक आवाज़ पर अपनी सहमति देना है। हमें राजनीतिक पार्टियों से पूछना है कि आप हमें क्या देंगे। अपनी वोट की कीमत को हमें पहचानना है। हम उसे ही वोट देंगे जो हमें सहयोग करेगा।

श्री लखन शर्मा जी ने उद्‍बोधन में कहा कि हमें दिशा व दशा दोनों ही तय करनी है। हमारी पहचान आज महासभा से ही है जो 111 वर्ष पुरानी है। वर्तमान में हम स्पीडली कार्य कर रहे हैं। हमें पौधे के लिए सोचना है, फल अपने आप मिल जाएगा, इसलिए पौधे पर ही पूरा ध्यान केन्द्रित करना है। सभी जगह जिला कार्यालय बनाने हैं, ताकि वहाँ नियमित बैठक हो और अगर बैठक होती है तो कार्यों को भी हम सफल अंजाम तक पहुँचा सकते हैं।

हमें मीटिंग में पदाधिकारियों की हाजरी देखनी है अगर लगातार दो बार उपस्थित नहीं हुए तो उनको हटाकर दूसरा कार्य दें।

विश्वकर्मा जी हमारे आराध्य देव हैं हमें उनका प्रचार-प्रसार करना है, उनकी प्रसादी, झण्डा, सवामणी आदि व्यक्तिगत रूप से करने हैं। मंच की गरिमा पर भी हमें ध्यान देने की आवश्यकता है। महासभा ने भी डिजिटल इण्डिया के तहत प्रवेश कर हमें ऑन लाइन सुविधा दी है। आप पैसा जमा करवा सकते हैं, आवेदन कर सकते हैं तथा आपका आई.डी. कार्ड आज ऑन लाइन प्राप्त कर महासभा के सदस्य बन सकते हैं। टोंक जिले से शिक्षा के प्रति जागरूक होकर हमें कम से कम एक आईएएस जरूर बनाना है। सरकार सबसे बड़ी भामाशाह है। हमें सभी योजनाओं का लाभ लेना है और इनके बारे में अधिक से अधिक जानकारी समाज को दें। कुरुतियों पर ध्यान दें सामूहिक सम्मेलन पर गाईड लाईन तैयार हो रही है हर तहसील में कलेण्डर द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन होंगें, जिसमें 11 से 21 तक जोड़ो का प्रावधान है।

भगवान विश्वकर्मा जी की कथा का आयोजन जयपुर में होने जा रहा है। अधिक से अधिक महिला व पुरुष 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक होने वाली कथा में जयपुर अवश्य पधारे।

अन्त में श्री बाबूलाल जांगिड जिलाध्यक्ष ने सभी का आभार जताया एवं जिले की योजनाओं पर अमल कर इन्हें क्रियान्वित कर सफल बनाने का आश्वासन दिया तथा सभी को सहभोज के लिए आमंत्रित किया।

**विश्वकर्मा सुथार समाज एकता मंच का जिला स्तरीय सम्मेलन सम्पन्न हुआ**

2 सितम्बर, 2018 को श्री विश्वकर्मा सुथार एकता फोर्स द्वारा आयोजित विश्वकर्मा सुथार समाज एकता मंच का जिला स्तरीय सम्मेलन फल सूण्ड रोड़ पर खीवंज माता मन्दिर के पास हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, जालोर जिलों से लगभग 200 गांवों से समाज के लोगों ने भाग लिया।

सम्मेलन शिक्षा विभाग से सेवानिवृत संयुक्त निदेशक श्री यागचन्द नागल के मुख्य आतिथ्य तथा सम्मेलन के आयोजक व स्थानीय सुथार समाज विकास समिति के अध्यक्ष श्री अमरूराम कुलरिया की अध्यक्षता में हुआ। विशिष्ट अतिथियों में श्री भगवान राम फौजी, विकास अधिकारी नारायण सुथार, प्रोफेसर हुकमाराम सुथार, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. धर्मेन्द्र सुथार, अ.भा.जां. ब्राह्मण महासभा के संरक्षक श्री सिरेमल कुलरिया, अ.भा. विश्वकर्मा समाज युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश, हरिशचन्द्र बाड़मेर, अधिवक्ता, पुरखाराम आदि रहे।

अतिथियों के रूप में जोधपुर से पूनम जोपिंग, माध्यमिक शिक्षा मोहनगढ़ के से.नि. प्रधानाचार्य श्री राणाराम कुलरिया, से.नि. प्रधानाचार्य बोड़ाना मगजी उत्तमा, फलौदी के पूर्व सचिव लूणकरण जोपिंग, से.नि. एसएचओ सिहड़ा परमाराम सलण, आईदान नाचना, फलौदी से सूरज डोयल, विश्वकर्मा सुथार एकता फोर्स संघ के प्रदेश प्रवक्ता भीमराज कुलरिया, फलौदी हरीश माण्डरी, उत्तम बोगेला, पेमाराम राजमढ़ाई, अर्जुन डोयल, अशोक कनोई, हरीश जी बाड़मेर, नारायण डोयल, जोगराज सुथार, नथमल जांगिड, नेमीचन्द सुथार, मोतीलाल, शैतानाराम, मदनलाल, देव जी कुलरिया, तेजेश जी लूंजा अध्यक्ष बैंगलोर, जसराज पोकरण, हीरालाल आसदेव, रावल जी, अमृतलाल, श्रवण कुलरिया, लक्ष्मण, बुधलाल, सत्यनारायण, अशोक राजकोट, मनसुख, राज आदि मंचासीन हुए।

मुख्य आयोजक श्री मनोहर कुलरिया दुबई थे।

सम्मेलन का श्री गणेश श्री विश्वकर्मा जी की तस्वीर के समक्ष पूजा-अर्चना कर किया गया। सुथार समाज पोकरण के सचिव कस्तूरराम बरड़वा ने स्वागत भाषण किया। जलपान की व्यवस्था के साथ ही समाज बन्धुओं की पुष्पवर्षा के साथ स्वागत व अभिनन्दन किया गया तथा मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

सभा के दौरान आईएएस डॉ. समित शर्मा श्रम व उद्योग विभाग के आयुक्त, कस्टम विभाग के श्री दिनेश जी सारंग उपायुक्त, समाज सेवी श्री भंवरलाल, श्री पदमाराम जी एवं नरसिंहा राम कुलरिया ने अति व्यस्तता के कारण शुभ कामना संदेश भिजवाए जिनका पठन किया गया।

मुख्य वक्ता समाज सेवी पूनम चन्द जांगिड ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज के चहुँमुखी विकास के लिए सबसे पहले समाज को संगठित करने की आवश्यकता है। समाज को संगठित व

शिक्षित तथा भावी पीढ़ी को संस्कारित किए बिना समाज का विकास संभव नहीं है। समाज में लोगों के पास धन की कमी नहीं है, लेकिन उसका समाज के हित में सदुपयोग लेना व युवाओं को उचित मार्ग दर्शन करना है तथा उन्हें उच्च शिक्षा, तकनीकी आदि के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समय के साथ सोच में बदलाव कर समाज को आगे बढ़ाने का प्रयास सभी को करने का आग्रह किया।

श्री नारायण सुथार ने विभिन्न उपजातियों व धड़ों में बंटे समाज को संगठित करने पर जोर दिया, वहीं सिरेमल कुलरिया ने नशा मुक्त समाज की आवश्यकता बताई। प्रो. हुकमाराम सुथार ने राजनीतिक रूप से मजबूती व संगठन पर बल दिया। डॉ. ओमप्रकाश ने जगह-जगह समाज के जिला संभाग व प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित कर संगठित करने का आह्वान किया तथा इन सम्मेलनों में बालक-बालिकाओं व महिलाओं को आगे लाना है ताकि उन्हें समाज की रीति-नीति व संस्कृति की जानकारी हो सके।

सम्मेलन में राजाराम कुलरिया, हरीश जी बाड़मेर, भोमराज कुलरिया, शिक्षाविद् मगाराम बोड़ाना, चम्पालाल भिंयाड़ सहित कई वक्ताओं ने सम्बोधित किया।

मंचसंचालन श्री मीठालाल जांगिड भीनमाल, तिलोकाराम बाड़मेर व मदनगोपाल द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि नागल जी ने शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि लड़के -लड़कियों को उच्च्च शिक्षा दिलाएं ताकि वे बालिग होकर अपने पैरों पर खड़े हो सकें। अभिभावकों को उनकी शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों पर ध्यान रखने की बात कही तथा उन्हें योग्य नागरिक बनायें। युवा प्रकोष्ठ के संयोजक मनोहर सुथार ने आपसी मन-मुटाव भुलाकर समाज के लोगों को एक-दूसरे की मदद करना व सामाजिक एकता व विकास के लिए कार्य करने का आग्रह किया। पूनम जोपिंग ने कहा सुथार समाज अभी कई छोटे-छोटे संघों में बंटा हुआ है, जिसका भरपूर फायदा राजनैतिक पार्टियां उठा रही हैं। समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने की बात कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री अमराराम कुलरिया ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

**श्री जांगिड वैदिक विद्यालय प्रबन्ध समिति, फतेहपुर शेखावाटी द्वारा आयोजित श्री विश्वकर्मा भगवान प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री विश्वकर्मा भवन का उद्घाटन समारोह सम्पन्न**

2 सितम्बर, 2018 श्री जांगिड वैदिक विद्यालय प्रबन्ध समिति, फतेहपुर शेखावाटी सीकर द्वारा श्री विश्वकर्मा भगवान मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा एवं श्री विश्वकर्मा भवन का उद्घाटन तथा पण्डित हरिकेशदत्त शास्त्री की मूर्ति का अनावरण समारोह का आयोजन जांगिड वैदिक विद्यालय प्रांगण में किया गया।

1 सितम्बर, 2018 को प्रातः महिलाओं द्वारा श्री विश्वकर्मा यज्ञ का आयोजन किया गया, रात्रि भजन संध्या का आयोजन किया गया।

2 सितम्बर 2018 को प्रातः मंगल कलश यात्रा निकाली गई।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री मीताराम जांगिड उद्योगपति रहे तथा अध्यक्षता श्री रविशंकर शर्मा (जांगिड) राष्ट्रीय प्रधान अ.भा.जां.ब्रा. महासभा दिल्ली द्वारा की गई। अतिविशिष्ट अतिथियों में श्री कैलाश चन्द्र बरनेला पूर्व राष्ट्रीय प्रधान, श्री गिरधारी लाल जी जांगिड प्रदेशाध्यक्ष कर्नाटक थे। विशिष्ट अतिथियों में श्री अमराराम जी जांगिड जोधपुर अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष महासभा दिल्ली, श्री एम.डी. शर्मा उद्योगपति जोधपुर, श्री प्रेमसुख जी जोधपुर, समाज रत्न एवं भामाशाहों में श्री हरिराम जी मुम्बई, श्री बच्छराज जी जांगिड (एडि. चीफ इंजीनियर) चूरू, श्री किशनलाल जी जांगिड नागपुर, श्री गिरधारीलाल जांगिड नागपुर, श्री रविदत्त जी जांगिड बरवाड़िया (कोलकाता), श्री चन्द्रदत्त जांगिड बरवाड़िया जयपुर, श्री बनवारी लाल जी, सोहनलाल जी नोहतमलाल मीषण जी चूरू, श्री रामपाल जी सिलवाल सोढ़ावास उद्योगपति मुम्बई, श्री रामेश्वर जी, महेश जी बरवाड़िया जयपुर, श्री दामोदर प्रसाद जी फतेहपुर, श्री त्रिलोक जी फतेहपुर, श्री रामेश्वर जी शर्मा बी. एण्ड बी. इन्दौर, श्री जगदीश जी, राजू जी, झांबरमल जी, राजेश जी कायमसर, श्री राजेन्द्र जी जांगिड दीनवा, श्री नन्दलाल जी जयपुर, श्री नौरतन जी जांगिड टमकोर, श्री हरिराम जी जांगिड फतेहपुर, श्री उम्मेदकुमार जी, बनवारी लाल जी सरदार शहर, डॉ. चम्पालाल जांगिड फतेहपुर, श्री महावीर जी बरवाड़िया फतेहपुर, श्री रामदेव जी जांगिड फतेहपुर आदि की गरिमामय उपस्थिति रही।

इस अवसर पर श्री पी.डी. शर्मा प्रदेशाध्यक्ष मध्यप्रदेश, श्री विद्यासागर जांगिड गुड़गांव वरिष्ठ उपप्रधान महासभा, श्री सीताराम से.नि. जज गुड़गांव, श्री प्रभुजी बरनेला इन्दौर उपप्रधान महासभा, श्री आर.सी. शर्मा 'गोपाल' पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राज., श्री शंकर लाल जी लदोया सीकर संरक्षक महासभा, श्री बनवारी लाल खण्डेलसर सीकर उपप्रधान महासभा, श्री बाबूलाल जांगिड जयपुर उपप्रधान महासभा, श्री प्रहलाद जी रींगस उपप्रधान महासभा, श्री ख्यालीराम जांगिड खण्डेला उपप्रधान महासभा, श्री कैलाश जी (साली वाले) प्रभारी प्रदेश राजस्थान महासभा, श्री मनरूप जांगिड जिलाध्यक्ष झुंझुनूं, श्री गिरधारी लाल जी राजोतिया जिलाध्यक्ष चुरू, श्री कृष्ण कुमार जांगिड सीकर सांस्कृतिक मंत्री महासभा, श्री राहुल शर्मा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ (राज.), श्री सांवरमल जी, श्री रतनलाल जी, महेन्द्र कुमार जी, भवानी प्रसाद जी, श्री ओमप्रकाश जी सभी मुम्बई से, श्री सत्य प्रकाश आर्य, श्री मनोहरलाल जी दूरदर्शन जयपुर, श्री बद्रीप्रसाद जी बी.डी.ओ. सीकर, डॉ. अजय जांगिड सीकर, शशि कान्त जांगिड जयपुर, रोहिताश जी औरंगाबाद, श्री वाई. के. जांगिड प्रथम विद्यार्थी जांगिड वैदिक विद्यालय, श्री मूलचन्द जी पंवार इन्दौर, इन्द्र कुमार नागपुर, भंवरलाल जी सीकर, आर.पी. शर्मा सम्पादक विश्वकर्मा टुडे जयपुर, श्री दीपक जांगिड एवं सुनील जांगिड, गोकुल चन्द जी आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष किया गया। बालिकाओं द्वारा मंगलाचरण का गायन हुआ एवं स्वागतगान हुआ।

इससे पूर्व समाज शिरोमणी माननीय पं. हरिकेशदत्त शास्त्री जी जिन्होंने जांगिड वैदिक विद्यालय की स्थापना की थी, ऐसे गुरुदेव (शिक्षक) की स्मृति में उनके शिष्य श्री दिनेश कुमार बरवाड़िया एवं पं. ज्ञानेश शर्मा (सर्जिक्योर) फतेहपुर (हाल निवासी जयपुर) सुपौत्र स्व. श्री गोवर्धन जी बरवाड़िया एवं पुत्र स्व. श्री बनवारी लाल जी

बरवाडिया ने उनकी मूर्ति बनवाकर श्रद्धेय गुरु को पुष्पांजली अर्पित की। इस मूर्ति का अनावरण जांगिड वैदिक विद्यालय के प्रथम छात्र रहे डॉ. वाई.के. जांगिड द्वारा किया गया।

सभी अतिथियों का सम्मान प्रबन्धक कमेटी के पदाधिकारियों श्री सांवरमल धामू प्रधान, श्री घनश्याम दत्त बरवाडिया उपप्रधान, श्री मंगलचन्द जांगिड व्यवस्थापक, श्री देवीदत्त पंवार मंत्री, श्री अनिल जांगिड उपमंत्री, श्री नन्द किशोर बरवाडिया कोषाध्यक्ष, श्री नन्दकिशोर जांगिड निर्माण समिति, श्री दिनेश चन्द बरवाडिया निर्माण समिति आदि पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पणकर, साफा बन्धवाकर, शॉल ओढाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर किया गया। सफल मंच संचालन श्री चन्द्रदत्त जांगिड उद्योगपति जयपुर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर श्री अमराराम जांगिड चुईल उद्योगपति दुबई, श्री मीताराम जांगिड उद्योगपति मुम्बई, श्री रविशंकर जांगिड राष्ट्रीय प्रधान द्वारा अपने उद्‌बोधन में प्रबन्धन समिति को बधाई दी, जिन्होंने कड़ी मेहनत से निर्माण कार्य को जारी रखते हुए भवन को तैयार करवाया। अभी भी इस भवन में 25-30 लाख रुपए की महत्ती आवश्यकता है, तब जाकर यह भवन अपना पूर्ण स्वरूप लेगा।

हजारों की संख्या में महिलाएं-पुरुषों की गरिमामय उपस्थिति रही, जिससे समारोह की शोभा बढ़ी।

अन्त में श्री सांवरमल धामू (प्रधान) द्वारा समारोह में पधारने वाले अतिथियों एवं समाज बन्धुओं का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए सभी को स्वरुचि भोज के लिए आमंत्रित किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति जोधपुर द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया

श्री विश्वकर्मा जांगिड कर्मचारी समिति जोधपुर के छात्रावास में 72वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ छात्रावास के छात्रों एवं समाज बन्धुओं की उपस्थिति में मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता श्री प्रेमसुख जी (से.नि. मुख्य अभियन्ता पी.एच.ई.डी. जोधपुर) तथा मुख्य अतिथि श्री राजेश शर्मा (एक्सईएन पी.डब्ल्यू.डी.) एवं श्री महेन्द्र कुमार शर्मा (एक्सईएन पी.डब्ल्यू.डी.) द्वारा ध्वजारोहण किया।

इस अवसर पर 5-10 वर्ष की बालिकाओं की जलेबी रेस व चम्मच रेस का आयोजन भी किया गया। छात्रावास प्रांगण में 5 अगस्त से 14 अगस्त, 2018 तक विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया, जिसमें चेस, केरम, बॉलीबॉल व बेडमिन्टन आदि थे।

वाद-विवाद प्रतियोगिता भी रखी गई, जिसका विषय समाज में एकता एवं कुरुतियों का त्याग रखा गया। सामान्य ज्ञान की परीक्षा रखी गई इनका संयोजक श्री रामदीन जी शर्मा, ओम जी शर्मा, खेताराम जी, उदाराम जी, पेमाराम जी, सुखदेव व मुकेश की देखरेख में हुआ।

प्रतियोगिता में विजेताओं एवं उपविजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहन दिया। अध्यक्ष व मुख्य अतिथि ने अपने उद्‌बोधन में छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढना, समाज की एकता एवं कुरुतियों को समाज से दूर करने पर जोर दिया।

अन्त में संयोजक रामदीन जी ने समाज बन्धुओं को धन्यवाद देकर कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की।